राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने भारतीय धावक मिल्खा सिंह के निधन पर व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

पटना, 19 जून, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सुप्रसिद्ध भारतीय धावक पद्मश्री मिल्खा सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा कि स्व० मिल्खा सिंह महान भारतीय धावक थे जिन्होंने एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्हें 'फलाईंग सिख' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि भारत ने एक महान एथलीट खो दिया। उनके निधन से खेल जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....